DEPARTMENT OF SOCIAL WELFARE
DR. (SHRIMATI) PHULRENU GUHA : (a) and (b). Replies from the various State Governments and Union Territory Administrations are still awaited. Major recommendations of the Committee are proposed to be discussed in a conference of State Ministers incharge of the welfare of Backward Classes.

आयातित ट्रैक्टरों का मूल्य

5004. **श्री रघुवीर सिंह शास्त्री:**
श्री न० रा० देवघटे :

क्या औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस वर्ष विदेशों से सरकार द्वारा आयात किये गये विभिन्न प्रकार के ट्रैक्टर में से प्रत्येक ट्रैक्टर का आयातित मूल्य कितना है;

(ख) कृषकों को प्रत्येक किस्म का ट्रैक्टर किस मूल्य पर बेचा गया;

(ग) ट्रैक्टर के आयातित मूल्य तथा विक्रय मूल्य में इतना अधिक अन्तर होने के क्या कारण हैं; और

(घ) ट्रैक्टरों के आयात के सम्बन्ध में अगले वर्ष के लिए बताये गये कार्यक्रम का ब्यौरा क्या है?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (घ)० सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जाएगी।

आयात प्रतिस्थापन के संबंध में वांचू समिति का प्रतिवेदन

5005. **श्री रघुवीर सिंह शास्त्री** : क्या औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आयात प्रतिस्थापन के सम्बन्ध में वांचू समिति ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो उसके मुख्य निष्कर्ष तथा सिफारिशें क्या हैं;

(ग) सरकार द्वारा उन पर क्या निर्णय किया गया है; और

(घ) यदि उक्त प्रतिवेदन अब तक प्राप्त नहीं हुआ है तो इसके कब तक प्राप्त हो जाने की संभावना है?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (घ). आयात प्रतिस्थापन पर गठित उच्चस्तरीय समिति जिसके अध्यक्ष औद्योगिक विकास विभाग के सचिव हैं, इस क्षेत्र में हुई प्रगति की लगातार देख-भाल करने तथा समय-समय सही दिशा में कार्य करने सम्बन्धी निदेश देने के लिये स्थायी समिति के रूप में कार्य करेगी। अतः इस समिति द्वारा इस सम्बन्ध में किसी प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने का प्रश्न ही नहीं उठता।

ट्रैक्टर फैक्टरियां स्थापित करने के लिए आवेदन पत्र

5006. **श्री रघुवीर सिंह शास्त्री** : क्या औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वे फर्में कौन सी हैं जिन से सरकार को इस वर्ष ट्रैक्टर फैक्ट्रियां स्थापित करने के लिए अनुमति प्राप्त करने के हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं;

(ख) उक्त आवेदन पत्रों में निर्दिष्ट उत्पादन क्षमता, ट्रैक्टरों की अश्वशक्ति तथा विदेशी मुद्रा की आवश्यकताओं के सम्बन्ध में ब्यौरा क्या है;

(ग) उन पर सरकार द्वारा क्या निर्णय किया गया है; और

(घ) यदि कोई निर्णय नहीं किया गया है तो कब तक निर्णय किये जाने की संभावना है?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (घ). कृषि ट्रैक्टर बनाने के लिये नीचे लिखे प्रस्तावों को सरकार ने सिद्धांत रूप से स्वीकार कर लिया है :—